संक्षिप्त

बीमा कम्पनी को 50 हजार रुपये देने के आदेश

दौसा। स्थाई लोक अदालत दौसा के अध्यक्ष राजेश चंद्र गुप्ता एवं सदस्य अशोक कुमार शर्मा व सुरेश कुमार गोयल ने बीमा कम्पनी को मृतक भैंस का बीमा मानते हुये 50 हजार रुपये की राशि अदा करने के आदेश दिये है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दौसा के सचिव संतोष अठावाल ने बताया कि प्रार्थी ने मृत भैंस की क्षितपूर्ति क्लेम राशि लेने के लिए अप्रार्थीगण बीमा कंपनी के समक्ष क्लेम दावा पेश किया किंतु अप्रार्थीगण ने क्लेम को मृत पशु के टैग से छेडछाड करना मानकर खारिज कर दिया। जिस पर न्यायालय स्थाई लोक अदालत ने सर्वेयर रिपोर्ट में ऐसा कोई कथन कि मृत भैंस के टैग के साथ छेडछाड किया गया है अथवा नहीं का अंकन नहीं होने तथा पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज को देखते हुए मृत भैंस का बीमा मानते हुए व टैग से छेडछाड न मानते हुए प्रार्थी को उसकी बीमा राशि 50 हजार रूपये मय 6 प्रतिशत ब्याज के साथ अदा करने के आदेश दिये है।

पं.आचार्य ने प्रवचन दिए

दूदू । भागवत कथा के सुनने से मृत्यु का भय समाप्त होता है राम का चिंतन करने से प्राणी का कल्याण मार्ग खुलता है मुख्य चौराहे पर स्थित रामेश्वरम बालाजी मंदिर सभागार में आयोजित भागवत कथा के दौरान कथा वाचक पंडित हरिओम आचार्य ने प्रवचन में विचार व्यक्त किया साथ ही कहां की मनुष्य को काम का नहीं बल्कि राम का चिंतन करना चाहिए परमात्मा का स्मरण जीव के कल्याण का एकमात्र मार्ग है भागवत कथा स्मरण से मोक्ष की प्राप्ति होती है कथा के दौरान सुखदेव जन्म की कथा का विस्तार से वर्णन किया गया कथा के दौरान संगीत में प्रवचनों के सात भजनों को सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूम उठे फोटो प्रवचन करतेहुए

नशा मुक्ति किट प्रदान

दूदू । दूदू राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत आयोजित सात दिवसीय शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी एवं नई किरण नशा मुक्ति केंद्र नोडल अधिकारी डॉक्टर सत्य मुदिता स्नेही ने प्रथम सत्र में पांच सखा एवं पांच सखियों को नशा मुक्ति किट प्रदान किया तथा नक्शा मुक्ति सर्व प्रश्नावली तैयार कराई गई द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने नशा मुक्त भारत खुशहाल भारत के संदेश को लेकर रैली निकाली गई लोहार बस्ती एवं महावीर नगर में पहुंचकर आम जन को जागरूक किया

भजन संध्या आज

सिरस । गांव कारोला में चतरनाथ सेवा समिति के तत्वावधान में श्री चतरनाथ बाबा धाम पर गुरूवार को वार्षिक मेले का आयोजन होगा। जिसकी तैयारियों जोर-शोर पर की जा रही है। चतरनाथ सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मेल को लेकर बुधवार को विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें गायक कलाकार भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन होगा। ने बताया कि विक्रम संवत 2014 से यहा अखंड ज्योति व धुणी जलती आ रही है। वार्षिक मेले को लेकर चतरनाथ सेवा समिति ने तैयारियां शुरू कर दी है।

धरना प्रदर्शन आज

निवाई। विमुक्त घुमंतू व अर्ध घुमंतु जनजाति संघ के तत्वावधान में मांगों को लेकर बुधवार को संगठन के प्रदेश सचिव मुकेश ललवाड़ी के सानिध्य में सैकड़ों कार्यकर्ता जयपुर में विधानसभा का घेराव करेंगे। संघ के प्रदेश सचिव मुकेश ललवाड़ी ने बताया कि रेनके एवं ईदाते आयोग के अनुसार डीएटी जनजातियों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिलवाने सहित 21 सूत्री मांगों को लागू करवाने की मांग को लेकर बुधवार को सैकड़ों कार्यकर्ता जयपुर में विधानसभा के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे।

शपथ ग्रहण समारोह 13 को

निवाई। बार एसोसिएशन के तत्वावधान में कटारा पैराडाइज में 13 फरवरी को बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ठाहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट कन्हैयालाल मीणा व सचिव रामजीलाल जाट ने बताया कि शपथ ठाहण समारोह में मुख्य अतिथि राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति गणेशाराम मीणा होंगे।

पायलट की जयंती पर रक्तदान शिविर में 47 यूनिट रक्त एकत्रित

दौसा । किसान नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री राजेश पायलट की 81 वीं जयंती पर मंगलवार को राजेश पायलट स्मारक जीरोता पर श्रृद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा सहित सैकडों कांग्रेसियों ने राजेश पायलट की प्रतिमा पर पुष्प भेंट कर श्रृद्धांजलि अर्पित की। इधर दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा ने गरीब मजदूरों को कम्बल एवं फल वितरित किये। उधर भगवान श्री देवनारायण मंदिर एवं छात्रावास परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 4 दर्जन से अधिक युवाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। उल्लेखनीय है कि किसान नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. राजेश पायलट की 81 वीं जयंती पर मंगलवार को श्री राजेश पायलट स्मारक जीरोता पर श्रृद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा सहित जिले भर के सैकडो कांग्रेसियों ने श्रृद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा ने कहा कि स्व. राजेश पायलट गरीब, मजदूर, किसानों के मसीहा थे। उन्होने अपने पूरे जीवनकाल में किसानों की मांग हमेशा पूरी ताकत के साथ उठाई तथा उन्हे उनका अधिकार दिलाया। उन्होने कहा कि स्व. राजेश पायलट बिना राजनैतिक भेदभाव के विकास के कार्य कराते थे, वे संचार क्रांति के जनक भी रहे है, उनके कार्यकाल में संचार के क्षेत्र में जमकर कार्य हुये। वक्ताओं ने उनके जनसेवा, किसान एवं मजदूर हितों के लिए किए गए संघर्ष तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति योगदान को स्मरण किया। इस दौरान दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा की मौजूदगी में गरीब एवं जरूरतमंद मजदूरों को फल एवं कंबल वितरित किए गए। विधायक बैरवा ने कहा कि राजेश पायलट जी का संपूर्ण जीवन गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के अधिकारों के लिए समर्पित रहा, और उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज सेवा ही सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान प्रधान बीना बैरवा, प्रधान सिकंदरा सुल्तान बैरवा, प्रदेश अध्यक्ष संगठन चौधरी रामकेश दिवाकर, उपाध्यक्ष वेद राजवीर कसाना, जिला अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, कैलाश गोठवाल, कप्तान डोई, रामजीलाल गुर्जर, जिला प्रवक्ता मुकेश राणा सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। राजेश पायलट की जयंती के उपलक्ष्य में भगवान श्री देवनारायण मंदिर और गुर्जर छात्रावास परिसर में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा की मौजूदगी में गरीब मजदूरों को कम्बल एवं फल वितरित किये।

- राजेश पायलट की जयंती पर दौसा में उमड़े कार्यकर्ता

गुर्जर की पदोन्नित पर ग्रामीण खुश

शाहपुरा । जुगराजपुरा निवासी प्रशासनिक अधिकारी मदन लाल गुर्जर की राजस्थान सहकारी सेवा में संयुक्त रजिस्ट्रार से अतिरिक्त रजिस्ट्रार पद पर पदोन्नित होने ठामीणों, विभिन्न संगठनों ने खुशी जताई। जानकारी मुताबिक आरएएस अधिकारी मदन लाल गुर्जर ने विभिन्न पदों पर रहते हुए आमजन के लिए सरकारी योजनाओं को सुगमता से पहुंचाने के कार्य किए है।

विगत दिनों से राजस्थान सहकारी विभाग में संयुक्त रजिस्ट्रार रहते हुए ठामीण अंचल में ठाम सेवा सहकारी समितियों के लिए अनेक उल्लखेनीय कार्य करके ग्रामीण किसानों को लाभान्वित करने, सहकारी समितियों में विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए कार्य किए। इस दौरान कैलाश गुर्जर जुगराजपुरा, ओमप्रकाश धाभाई, धर्मेन्द्र धाभाई, बाबुलाल कुलदीप, रमेश यादव, रजनीश यादव, बंटी रावत, कृष्ण कसाणा समेत अनेक लोगों ने खुशी व्यक्त की।

'शहीदों के बलिदान के लिए प्रत्येक भारतवासी सदैव उनका ऋणी रहेगा'

पावटा । 28 साल पहले 10 फरवरी 1996 में श्री नगर ऑपरेशन मे आतंकवादियों के हमले में शहीद हुए क्षेत्र के पाथरेडी गांव निवासी जवान बंशीधर यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि के तहत श्रद्धा सुमन अर्पित करने हजारों लोग एकत्रित हुए। पावटा तहसीलदार लोकेंद्र मीणा, यादव महासभा पावटा अध्यक्ष भैरूलाल हुल्डा सहित जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों, ठामीणों ने उनके आदमकद प्रतिमा पर फूल-माला चढ़ाकर व पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान भारत माता की जय, वंदेमातरम, शहीद बंशीधर यादव अमर रहे आदि गगन भेदी नारे लगाए गए। इस मौके पर गिरिराज यादव व गिरदावर शशिधर यादव, रामस्वरूप यादव, सूरजभान यादव, रामनिवास यादव, पप्पूलाल यादव, मोहन लाल यादव, पिंकेश, मोहनलाल, वेद प्रकाश सहित पूरा परिवार भावुक नजर आया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं ठामीणों ने वीरांगना कृष्णा देवी को शॉल उढाकर सम्मानित करते हुए शहीद परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस दौरान पावटा तहसीलदार लोकेंद्र मीणा ने कहाँ कि शहीदों के बलिदान के लिए प्रत्येक भारतवासी सदैव उनका ऋणी रहेगा। मातृ भूमि की रक्षा के लिए समर्पित उनका बलिदान जीवन भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। जिस देश के सम्मान के लिए युवा अपने प्राणों की आहुति दें, उस देश को दुश्मन कभी पराजित नहीं कर सकता। धन्य है ऐसी माताएं, जिन्होंने ऐसे वीर सपूतों जन्म दिया।

पावटा में शहीद बंशीधर यादव की 28 वीं पुण्यतिथि तहसीलदार लोकेंद्र मीणा, यादव महासभा पावटा अध्यक्ष भैरूलाल हुल्डा की मौजूदगी में मनाई ।

आचार्य प्रसन्न सागर का निवाई में मंगल प्रवेश कल

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य प्रसन्न सागर महाराज का 16 पिच्छिका के साथ 12 फरवरी को निवाई में भव्य मंगल प्रवेश होगा। मंगल प्रवेश की तैयारियां जोर शोर से चल रही है।

जैन समाज के मीडिया प्रभारी सुनील भाणजा व विमल जौंला ने बताया कि आचार्य प्रसन्न सागर महाराज ससंघ सहित दिल्ली से जयपुर, पदमपुरा, चाकसू व विज्ञा तीर्थ होते हुए 12 फरवरी को शाही ठाठ बाठ के साथ मंगल प्रवेश करेंगे।

राकेश संघी ने बताया कि आचार्य प्रसन्न सागर महाराज 11 फरवरी को विज्ञा तीर्थ आयेंगे और 12 फरवरी को विज्ञा तीर्थ से सुबह पहुंचेंगे। हितेश छाबड़ा ने बताया कि आचार्य प्रसन्न सागर महाराज के दिव्य चरणों से प्रथम बार धन्य हो रही है निवाई नगरी।

इस दौरान सन्त निवास नसियां जैन मंदिर में आचार्य प्रवचन सभा में अपनी दिव्य देशना प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि आचार्य संघ का मंगल जुलुस जमात स्थित वर्धमान सर्विस सेंटर से गाजे बाजे के साथ रवाना होकर जमात, राधा दामोदर सर्किल के पास पाद् प्रक्षालन एवं पुष्प वर्षा से स्वागत कर अगुवानी की जाएगी। आचार्य के स्वागत सत्कार में जगह जगह स्वागत तोरण द्वार लगाएं जाएंगे। जगह-जगह चरण प्रक्षालन एवं आरती कर स्वागत किया जाएगा।

जिसमें श्रद्धालुओं ने स्वागत की हे ऐतिहासिक तैयारी आ रहे है।

पुष्पदंत धारी जैसे कई श्लोगनो से जयधोष किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंगल प्रवेश को लेकर भक्तजनो में भारी उत्साह है। मंगल प्रवेश जुलुस कुण्डों से रवाना होकर पुलिस थाना होते हुए पारसनाथ उद्यान नसिंया जैन मंदिर पंहुचेगा। जहाँ आचार्य भगवन धर्म सभा को सम्बोधित करेंगे।

- अन्तर्रमना म्युजिकल ठ्रुप संगीत के साथ करेंगे अगुवान
- आचार्य प्रसन्न सागर महाराज 11 फरवरी को विज्ञा तीर्थ आयेंगे और 12 फरवरी को विज्ञा तीर्थ से सुबह पहुंचेंगे।

ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

पावटा। अनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को पंचायत समिति सभागार में ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी पावटा डॉ. कृष्ण सिंह शेखावत की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यशाला में अनीमिया मुक्त राजस्थान के जयपुर कॉर्डिनेटर पंकज जंगम ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनीमिया मुक्त राजस्थान/भारत अभियान के तहत छह लक्षित वर्ग, छह प्रमुख हस्तक्षेप और छह क्रियान्वयन तंत्रों के माध्यम से अनीमिया की पहचान, रोकथाम और उपचार को प्रभावी बनाया जा रहा है। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान अनीमिया के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्ण सिंह शेखावत ने कहा कि जनभागीदारी से ही अनीमिया मुक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने शिक्षकों और संबंधित कार्मिकों से अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और बच्चों व किशोरियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आ ान किया। प्रशिक्षण में ब्लॉक के अधीन विद्यालयों के पीईओ एवं अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया।

तहसील कार्यालय अव्यस्थाएं, सम्बंधित को फटकार

कोटपुतली। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण ने मंगलवार को तहसील कार्यालय बहरोड़ का औचक निरीक्षण कर कार्यालय व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों से विभिन्न अनुभागों में संचालित कार्यों की जानकारी लेते हुए अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन किया। एडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पात्र व्यक्तियों को समय पर योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए तथा आवश्यक प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से पोर्टल पर अपडेट की जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने लंबित राजस्व प्रकरणों,न्यायालयीन मामलों,भूमि कन्वर्जन,आवंटन,वसीयत से संबंधित प्रकरणों एवं अन्य विभागीय कार्यों का समय पर निस्तारण कर पोर्टल पर प्रविष्टि करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। एडीएम ने कार्यालय में धूम्रपान करने पर कार्मिक विजय सिंह यादव के विरुद्ध कोटपा अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि कार्यालय परिसर में अनुशासन एवं नियमों का कडाई से पालन कराया जाए। कार्यालय में विशेष सुधार की आवश्यकता पर जोर देते हुए व्यवस्थाओं पर असंतोष जाहिर किया व संबंधितों को फटकार लगाई। उन्होंने रास्ता प्रकरण, रिकॉर्ड शुद्धि, कुरेजत एवं इजरा से संबंधित मामलों के लिए अलग-अलग रजिस्टर संधारित कर नियमित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही सभी कार्यालयीय पत्राचार को पूर्णत: ई-फाइलिंग के माध्यम से करने एवं आगंतुकों व आमजन के साथ संवेदनशील व्यवहार रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही विरासत/वसीयत के10साल से लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण कर रिपोर्ट करने को कहा। एडीएम ने कहा कि दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाले लोगों को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़े। इस दौरान उपखंड अधिकारी राम किशोर मीणा, तहसीलदार राजेंद्र मोहन सहित संबंधित अधिकारी व कार्मिक भी मौजूद रहे।

- धूम्रपान करते पाए गए कार्मिक पर कोटपा के तहत की कार्यवाही

राजेश पायलट ने कृषकों समेत वंचित वर्गों को मुख्य धारा में लाने का कार्य किया : गुर्जर

कोटपूतली । देश की राजनीति में कृषकों के लोकप्रिय नेता रहे पूर्व केन्द्रिय मंत्री स्व. राजेश पायलट की 80 वीं जयंती पर कस्बे के राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर मंगलवार को पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व कांठोस नेता सांवत गुर्जर की अगुवाई में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में कांठोस नेताओं व कार्यकर्ताओं समेत आमजन व महाविधालय स्टॉफ सदस्यों एवं विधार्थियों ने स्व. पायलट की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुये अपनी श्रद्धांजलि दी। कांठोस नेता सांवत गुर्जर ने कहा कि स्व. पायलट ने कृषकों समेत वंचित वर्गो को राजनैतिक व सामाजिक रूप से मुख्य धारा में लाने का कार्य किया। उनके शब्द हमेशा छात्र व युवा पीढ़ी को प्रेरणा देते हैं। इस दौरान महाविधालय के प्राचार्य प्रो. आर के सिंह, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, पूर्व विधायक रामचन्द्र रावत, पीसीसी महासचिव देव कसाना, ब्लॉक कांठोस अध्यक्ष प्रकाश चंद सैनी व सतीश निमोरिया, जगदीश मीणा, रमेश गुप्ता, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा, युवा कांठोस के पूर्व प्रदेश सचिव प्रदीप कसाना, हनुमान सैनी, रमेश जिंदल, मालीराम कम्पाउंडर, के एम बंसल, रामसिंह सिनेटर, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मुनानुद्दीन कुरैशी, पूर्व सरपंच गोकुल चंद आर्य, बाबूलाल कसाना, इन्द्राज कसाना, सांवत सरपंच, तारा सरपंच, सत्यनारायण सरपंच, मुकेश जांगल, मुकेश मीणा, राजकुमार यादव, प्रो. घनश्याम कसाना, हंसराज पोषवाल, नंदलाल गुर्जर, सुन्दर कसाना, राजेन्द्र मीणा, एड. पवन सैनी, पूर्व पार्षद रामकुमार सैनी, सचिन रावत, मुकेश मुक्कड़, अभिषेक रावत, सागर दहिया, विक्की सैनी, रामप्रताप रावत, अरविन्द यादव समेत बड़ी संख्या में कांठोस कार्यकर्ता, पदाधिकारी, आमजन, महाविधालय स्टॉफ व विधार्थी मौजूद रहे।

पूर्व मंत्री राजेश पायलट की जयंती पर कस्बे के राजकीय एलबीएस पीजी महाविधालय स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सांवत गुर्जर की मौजूदगी में मनाई।

- पूर्व केन्द्रिय मंत्री व लोकप्रिय किसान नेता स्व. राजेश पायलट की 80 वीं जयंती
- राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय स्थित स्व. पायलट की मूर्ति पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन

सार-समाचार

त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव संपन्न

भरतपुर (निस)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, उप सेवा केंद्र ओल के तत्वावधान में जवाहर इंटर कॉलेज के प्रांगण में 90वाँ त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव श्रद्धा, उत्साह एवं आध्यात्मिक वातावरण के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्माकुमारी कविता दीदी, सह-प्रभारी आगरा एवं सेवा केंद्र प्रभारी भरतपुर ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केनरा बैंक के बैंक मैनेजर भ्राता देवेंद्र प्रताप, उनके सहयोगी अधिकारी भ्राता योगेश, जवाहर इंटर कॉलेज ऑल के प्रिंसिपल भ्राता सोहन झा, रूपवास सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी बबीता दीदी डीग उप सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी प्रवीण दीदी, एवं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भरतपुर उप सेवा केंद्र प्रभारी पूनम बहन एवं ओल उपसेवाकेन्द्र की प्रभारी ब्र कु योगिता बहिन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत एक विशाल प्रभात फेरी से की गई, जिसे भ्राता चंद्रवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंचीय कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा तिलक, बैज एवं फूल माला से किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमार श्रीराम भाई, ब्रह्माकुमार बादाम भाई, ब्रह्माकुमारी ओमवती बहन, ब्रह्माकुमार रोहित भाई, ब्रह्माकुमार गौरव भाई, ब्रह्माकुमार जयसिंह भाई सहित सैकड़ों भाई-बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन डीग उप सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी प्रवीण दीदी द्वारा किया गया।

सवर्ण आयोग गठित करने की मांग आज तक क्यों नहीं उठाई

पावटा । क्षेत्र के वरिष्ठ नेता और जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन के राष्ट्रीय सह संयोजक पवन शर्मा जवानपुरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित 635 सामान्य वर्ग के सांसद विधायकों को चिठ्ठी भेजकर सवर्ण आयोग गठित करने की मांग दोहराई है साथ ही पवन शर्मा ने सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों से तीन सवाल भी पूछे हैं यूजीसी एक्ट पर जब देशभर में सामान्य वर्ग के लोगों में आक्रोश था तो आपने क्या किया आज तक सामान्य वर्ग के हितों की सुरक्षा के लिए देश प्रदेश में सवर्ण आयोग गठित करने की मांग क्यों नहीं की जब सरकार सबका साथ सबका विकास की बात करती है तो सामान्य वर्ग के लोगों की उपेक्षा क्यों हो रही है। आर्थिक रूप से पिछडे सामान्य वर्ग के लोगों को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए सरकारों द्वारा आज तक क्या योजनाएं लागू कि गई है। पवन शर्मा ने कहा जब सबको समानता का अधिकार है तो सामान्य वर्ग के लोगों पर किसी भी तरह का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा सरकार को कोई भी कानून बिना सोचे-समझे लागू नहीं करना चाहिए।

इमामी बदमाश गिरफ्तार

भुसावर भरतपुर (निस)। थाना खेडली मोड पुलिस ने लूट के मामले में फरार 12 हजार रूपये के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजेश कसाना ने बताया कि 9.10.2025 को लखन पुत्र भगवत जाति कोली निवासी ग्राम समौची थाना खेडली जिला अलवर के द्वारा लूट का मुकदमा दर्ज करवाया गया था। जिस पर प्रकरण सख्या 194 / 2025 दर्ज किया गया। थानाधिकारी कसाना ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर कैलाश चन्द विश्नोई आईपीएस व पुलिस अधीक्षक भरतपुर दिगंत आनंद आईपीएस के निर्देशन में ओमप्रकाश मीणा अति0 पुलिस अधीक्षक वैर तथा वीरेन्द्र शर्मा आरपीएस वृताधिकारी वृत भुसावर के सुपरवीजन में टीम का गठन किया गया। जहां उक्त मामले में फरार चल रहे 12 हजार रूपये के इनामी वाछित मुलजिम सुनील पुत्र रामकिशन जाति मीणा उम्र 23 साल नि. भैर्सीना थाना खेडली मोड जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया। जिससे अनुसधान जारी है। गठित की गई टीम में उनके साथ जीतेन्द्रसिंह सउनि, शिवसिंह हेड कानि, योगेश कुमार कानि., हेमराज कानि, सत्यवीर सिंह कानि. चालक मौजूद रहे।

नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा मिलेगी

टोंक। राजस्थान सरकार के आयुष विभाग द्वारा निरोगी राजस्थान की संकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से जिले में 13 फरवरी से 16 फरवरी तक गांधी खेल मैदान टोंक में भव्य आयुष आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस 4 दिवसीय मेले में नि:शुल्क आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा विभिन्न रोगों का नि:शुल्क उपचार किया जाएगा। आयुष आरोग्य मेले के पोस्टर का विमोचन मंगलवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने किया। इस दोरान आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक राम सहाय बैरवा, डॉ. नरेश जोशी, डॉ.धर्मराज मीणा, डॉ. प्रमोद जोनवाल डॉ.लोकेंद्र गुप्ता, नंदलाल गुर्जर आदि उपस्थित रहे। आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक राम सहाय बैरवा ने बताया कि आयुष मेले में अग्नि कर्म, कपिंग थेरेपी, क्षार सूत्र चिकित्सा, पंचकर्म, जलौका, विद कर्म, स्त्री रोग, नशा मुक्ति, न्यूरोपैथी जैसी विशिष्ट आयुष विधियों का प्रदर्शन और उपचार उपलब्ध होगा। साथ ही रोगियों को जांच के पश्चात विभाग की ओर से नि:शुल्क औषधियां वितरित की जाएगी। आमजन को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिदिन योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, आयुष औषधियों एवं ,स्वास्थ्य संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रदर्शनी, काढ़ा वितरण, स्वर्ण प्राशन संस्कार एवं सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया जाएगा।

सड़क निर्माण कार्य की निविदा जारी

शाहपुरा। राजस्थान राज्य सरकार द्वारा जयपुर ठामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह की अनुशंसा पर स्वीकृत कालवाड तिराहे से वाया जोबनेर होते हुए भाटीपुरा तक 17 करोड़ की लागत राशि से सड़क निर्माण कार्य को लेकर राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड ने ऑनलाइन निविदा जारी की। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य को लेकर निविदा जारी होने पर स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे आसपास के गांव एवं शहर की कनेक्टिविटी बेहतर होगी तथा विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। इस दौरान उन्होंने जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह का आभार जताते हुए राव साहब जिंदाबाद, बीजेपी जिंदाबाद के नारे लगाये।

ग्यारसी लाल यादव ने बढ़ाया गांव का मान

मनोहरपूर । दिल्ली में डॉक्टरेट (मानव) उपाधि से हुए सम्मानित बिलान्दरपुर गांव के लिए गर्व का क्षण उस समय आया जब गांव के होनहार समाजसेवी ग्यारसी लाल यादव को वर्ल्ड कल्चरल एंड एजुकेशन ऑर्गेनाइजेशन द्वारा डॉक्टरेट (मानव) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह भव्य सम्मान समारोह दिल्ली के मेपल गोल्डन बैंक्विट हॉल में आयोजित किया गया, जहाँ सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता गुलशन ठोवर ने स्वयं मंच से यह सम्मान प्रदान किया। इस गरिमामय अवसर पर भारत की वर्ल्ड कल्चरल एंड एजुकेशन ऑर्गेनाइजेशन की प्रतिनिधि नेहा ठाकुर, रितु दया, जयपुर से अंशुल अठावाल तथा हैदराबाद से अजंता सरकार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में देशभर से आए समाजसेवियों और गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी ने समारोह की शोभा बढ़ाई। इस सम्मान के उपलक्ष्य में संपत्ति विवाद सेवा केंद्र की स्थापना के माध्यम से समाज में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को विशेष रूप से सराहा गया। समारोह को संबोधित करते हुए जीएल यादव ने कहा, कि यह सम्मान मेरे लिए केवल एक तिलक नहीं है, बल्कि समाज सेवा को और अधिक समर्पण भाव से करने की प्रेरणा है। मैं उन सभी संस्थाओं का हृदय से धन्यवाद करता हूँ जो समाजसेवियों का मनोबल बढ़ाकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं। गांव बिलान्दरपुर सहित पूरे क्षेत्र में इस उपलब्धि को लेकर खुशी और गर्व का माहौल है। ठामीणों ने इसे समाजसेवा के क्षेत्र में नई प्रेरणा देने वाला क्षण बताया। यह जानकारी पूर्व प्रधानाध्यापक रामलाल यादव ने दी है।